सं.16015/1/2022-पीएमआई
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 18 अगस्त, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह जुलाई, 2023 के मासिक सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को माह जुलाई, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)
निदेशक (पीएमआई)
दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह जुलाई, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	माह के दौरान उत्पादन	इस माह तक संचयी उत्पादन
यूरिया	24.82	98.64
डीएपी	4.37	16.20
अमोनियम सल्फेट (ए/एस)	0.49	1.97
मिश्रित उर्वरक	8.89	33.32
सिंगल सुपर फॉस्फेट	4.01	17.75

स्रोत: dbtfert.nic.in 07.08.2023 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	आकलित आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
यूरिया	36.50	107.04	45.30
डीएपी	10.85	45.83	12.75
एमओपी	2.83	7.30	1.34
एनपीके	13.55	58.79	12.86

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

उत्पाद का नाम	मात्रा 'लाख मी.टन' में
यूरिया	3.46
कृषि उपयोग हेतु एमओपी	1.74
डीएपी	5.71
एनपीके	0.64

4. जुलाई 2023 के दौरान तलचर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।

मंत्रिमंडल ने दिनांक 04.08.2011 को आयोजित अपनी बैठक में नामित पीएसयूज अर्थात मेसर्स आरसीएफ (31.85%), मेसर्स सीआईएल (31.85%) और मेसर्स गेल (31.85%) तथा मेसर्स एफसीआईएल (4.45%) की संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन करके कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी पर आधारित, ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तलचर यूरिया यूनिट के पुनरूद्धार को अनुमोदन प्रदान किया था। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता वाले कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी पर आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए दिनांक 13.11.2015 को तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई थी। उर्वरक विभाग द्वारा सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजना कार्यकलापों की गहन निगरानी की जाती है।

तथापि, परियोजना की प्रगति कई कारणों की वजह से निर्धारित प्रगति से पीछे चल रही है। टीएफएल को कार्य पूरा करने के लिए एक कैचअप योजना तैयार करने तथा उसके अनुसार कार्य करने का निदेश दिया गया है ताकि संयंत्र को लक्षित समयसीमा के अंदर चालू कर दिया जाए।

i. **वृद्धिशील प्रगति:**

टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है:-

क)	जून, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति	:	47.20%
ख)	जुलाई, 2023 के दौरान वृद्धिशील प्रगति	:	1.41%
ग)	जुलाई, 2023 तक समग्र प्रगति	:	48.61%

5. **व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 179066.43 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट ब.अ. की तुलना में जुलाई, 2023 के दौरान उर्वरक राजसहायता के प्रशासन पर 26978.29 करोड़ रुपये (यूरिया: 18452.1 करोड़ रुपये तथा पीएंडके: 8526.19 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 के दौरान वृद्धिशील व्यय 73214.67 करोड़ रुपये (यूरिया: 48653.19 करोड़ रुपये और पीएंडके:24561.48 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आवंटन का लगभग 40.89% का क्रमिक व्यय हुआ था।

****